ग्रामीण क्षेत्रों में आंगनवाड़ी केन्द्रों की सुविधा

@2233. श्री सुनील कुमार पट्टनायक: क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि कि उड़ीसा के ग्रामीण क्षेत्रों में आंगनवाड़ी केन्द्रों की सुविधा उपलब्ध नहीं है जब कि संघ राज्य क्षेत्र दिल्ली में यह सुविधा सभी बस्तियों में उपलब्ध कराई जा रही हैं ;

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ;

(ग) क्या सरकार सभी ग्रामीण क्षेत्रों में, जैसा कि उपर्युक्त भाग(क) में उल्लेख किया गया है ऐसी सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है ; और

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और चालू वर्ष के दौरान इन पर जिलावार केन्द्रीय सरकार द्वारा कुल कितनी धनराशि खर्च किये जाने की संभावना है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में युवा कार्य और खेल तथा महिला और बाल विकास विभागों में राज्य मंत्री (श्रीमती मार्ग्रेट आल्वा): (क) और (ख) जी, नहीं । उड़ीसा राज्य समेत देश में शुरू की गयी समेकित बाल विकास सेवा (आई०सी०डी०एस०) योजना की सुविधा शहरी और ग्रामीण दोनों ही क्षेत्रों में उपलब्ध है । 1975 में शुरू किये गये इस कार्यक्रम का चरणबद्ध ढंग से विस्तार किया जा रहा है । उड़ीसा में 1975-76 में एक आई०सी०डी०एस० परियोजना चलाई गयी थी और राज्य के लिये अब तक स्वीकृत ऐसी परियोजनाओं की संख्या 105 हो गयी है जो मौजूदा 314 ब्लाकों में से 103 ऐसे ब्लाकों में चल रही है जो ग्रामीण क्षेत्रों में हैं । इसके अलावा दो शहरों के लिये शहरी आई०सी०डी०एस० परियोजनायें उपलब्ध हैं । इनमें से 20 ग्रामीण परियोजनाओं सहित 21 परियोजनायें 1988-89 में स्वीकृत की गयी थीं और यह इस समय चलाई जा रही हैं ।

70 ग्रामीण आदिवासी आई०सी०डी०एस० परियोजनाओं से प्राप्त फरवरी, 1989 की रिपोर्टों के अनुसार इन परियोजनाओं में 6325 आंगनवाड़ी केन्द्र हैं जिनमें से 6136 केन्द्र 7.14 लाख लाभ प्राप्तकर्ताओं को पूरक पोषाहार प्रदान कर रहे थे और 6188 केन्द्र 1.72 लाख बच्चों (3-6 वर्ष के) को पूर्व-स्कूल अनौपचारिक शिक्षा प्रदान कर रहे थे ।

(ग) और (घ) जैसा कि ऊपर बताया गया है योजना का चरणबद्ध तरीके से विस्तार किया जा रहा है ।

इस योजना के लिये राज्य सरकारों को केन्द्रीय अनुदान एकमुश्त दिया जाता है, इस तरह के अनुदान जिलावार नहीं दिये जाते ।

D.T.C. Bus Service on Route Nos. 168 and 913

2234. SHRIMATI SUDHA VIJAY JOSHI: Will the Minister of SURFACE TRANSPORT be pleased to state:

(a) what are the frequencies of bus services of routes 168 and 913 of Delhi Transport Corporation which pass through Ashok Vihar; Laurance Road etc. in North Delhi;

(b) whether it is a fact that quite often the frequency of these services is very long and the number of buses put on these routes is very limited;

(c) whether complaints have been received from time to time about long intervals, frequent break-downs and non-punctuality of these services; and

@पूर्वतः अतारांकित प्रश्न 1746, 10 मार्च, 1989 से स्थानान्तरित ।